Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 231 रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम मोदी बोले- 'मैं शिव भक्त, सारा जहर निगल लेता हूं'

नई दिल्ली, 14 सितंबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश के विकास में उत्तर पूर्वी राज्यों की अहम भूमिका है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भारत रत्न भूपेन हजारिका का अपमान करने का भी आरोप लगाया। दरांग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी पूर्व की है, उत्तर पूर्व की है। उत्तर पूर्वी राज्यों के चमकने का समय आ गया है। किसी भी क्षेत्र के विकास में कनेक्टिविटी की अहम भूमिका होती है। हमारी सरकार उत्तर पूर्व में

विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ

कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए समर्पित है। सड़कें, रेलवे और हवाई मार्गों का विकास किया जा रहा है। इससे लोगों की जिंदगी बदल रही है और उज्जवल भविष्य की राह बन रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कांग्रेस वाले मुझे कितनी ही गालियां दे, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं, लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं, क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा फैसला सही है या गलत? कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कांग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। कांग्रेस के लोग हमारी सेना की बजाय आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। इसलिए आपको कांग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देशहित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कांग्रेस देशविरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा देती थी और आज कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाए और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें।

हजारों करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के साथ-साथ एक नर्सिंग कॉलेज और एक जीएनएम स्कूल के निर्माण का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने बताया कि इन स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं में कुल मिलाकर 570 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने 1,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 2.9 किलोमीटर लंबे नरेंगी-कुरुवा पुल और असम के कामरूप और दरांग जिलों और मेघालय के री भोई को जोड़ने वाली 118.5 किलोमीटर लंबी गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना की भी आधारशिला रखी। रिंग रोड परियोजना की अनुमानित लागत 4,530 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री बाद में गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ रिफाइनरी में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित बांस आधारित एथेनॉल संयंत्र और 7,230 करोड़ रुपये की लागत से पेट्रो फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकर इकाई का उद्घाटन किया।

राजिम-रायपुर के बीच 18 सितंबर से दौड़ेंगी मेमू ट्रेनें, सीएम साय दिखाएंगे हरी झंडी

रायपुर से नवा रायपुर अटल नगर, अभनपुर होते हुए मेमू ट्रेनें राजिम तक चलेंगी

रायपुर, 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। नई ब्रॉडगेज रेल लाइन पर राजधानी रायपुर से नवा रायपुर अटल नगर, अभनपुर होते हुए अब मेमू ट्रेनें 18 सितंबर से राजिम तक चलेंगी. रेलवे ने राजिम-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है. वहीं, रेलवे द्वारा मेमू ट्रेन सेवा की समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है. रायपुर-राजिम मेमू ट्रेन सेवा का वाणिज्यिक ठहराव मंदिरहसौद, सीबीडी, केन्द्री, अभनपुर, मानिकचौरी व राजिम में होगा।

रायपुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने शनिवार को राजिम स्टेशन पर राजिम रायपुर के बीच 18 सितंबर से रेल सेवा शुभारंभ करने की रूपरेखा निर्धारित की. उन्होंने स्टेशन पर पार्किंग, स्टेज, आगंतुकों का आवागमन तथा मुख्य अतिथियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया. अधिकारियों के मुताबिक 18 सितंबर को सुबह 11 बजे राजिम रायपुर रेल सेवा आरंभ होगी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को

राजिम से रवाना करेंगे. इस मौके पर सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय लोग मौजूद रहेंगे. छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन स्थल राजिम के ब्रॉड गेज नेटवर्क से जुड़ने से इस क्षेत्र की सीधी रेल पहुंच बड़े शहरों से स्थापित होगी. इससे न केवल यात्रियों को तेज, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे. बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, कृषि, तीर्थाटन और पर्यटन को भी नए अवसर मिलेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

नई रायपुर-राजिम मेमू ट्रेन की समय सारिणी नई रायपुर-राजिम मेमू ट्रेन रायपुर स्टेशन से 4.45 बजे रवाना होकर 05:03-05:05 बजे मंदिर हसौद, 05:15-05:16 बजे सीबीडीपीएच, 05:30-05:32 बजे केंद्री, 05:43-05:45 बजे अभनपुर, 05:56-05:57 बजे मानिकचौरी, 06.20 बजे राजिम पहुंचेगी. इसी प्रकार राजिम रायपुर मेमू ट्रेन 06.45 बजे राजिम से रवाना होकर, 06:59-07:00 बजे मानिकचौरी पीएच, 07:13-07:15 बजे अभनपुर, 07:26-07:28 बजे केंद्री, 07:41-07:42 बजे सीबीडी, 07:53-07:55 बजे मंदिर हसौद, 08:20 बजे रायपुर पहुंचेगी।

ब्रेकिंग न्यूज

वित्त मंत्री बोलीं- शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक

नई दिल्ली, 14 सितंबर (न्यूज चैनल)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीमा क्षेत्र में एफडीआई को और उदार बनाने वाला विधेयक आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किया जा सकता है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है। वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में, नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा, यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा।

बडगाम में सेना का वाहन हादसे का शिकार, चार जवान घायल, दो जवानों की हालत गंभीर

नई दिल्ली, 14 सितंबर (न्यूज चैनल)। रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सेना के एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 53 राष्ट्रीय राइफल्स के चार जवान घायल हो गए। इनमें से दो जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए 92 बेस अस्पताल, बदामी बाग छावनी (श्रीनगर) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सेना और प्रशासन की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

स्कूल शिक्षा मंत्री के कड़े तेवर, शराबी शिक्षकों की होगी बर्खास्तगी, एफआईआर भी कराया जाएगा दर्ज

रायपुर, 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। बीते कई सालों से लगातार कार्यवाही के बावजूद प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शराबी शिक्षकों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। शिक्षकों के शराब पीकर आने के मामले में अब सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी और उन्हें बर्खास्त भी किया जाएगा। सरगुजा और बस्तर संभाग में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के शराब पीकर आने की शिकायत लगातार सामने आ रही हैं। प्रदेश के कई स्कूलों में छात्राओं से छेड़छाड़ की घटनाएं भी हुई हैं। इस तरह के मामलों को नए स्कूल शिक्षा मंत्री

गजेन्द्र यादव ने गंभीरता लिया है।

उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि शराबी शिक्षकों के खिलाफ पहले एफआईआर कराई जाएगी। और फिर जांच के बाद उन्हें सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जाएगी। इस सिलसिले में सभी जिलों को पत्र भेजा जा रहा है।गौरतलब है कि की एक दी पहले ही शिक्षा मंत्री ने समग्र शिक्षा में गलत तरीके से हुई भर्तियों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व दुर्ग के शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय को वित्तीय गड़बड़ी के मामले में निलंबित कर दिया गया। शिक्षा मंत्री के कड़े रवैए की विभाग में काफी चर्चा है और नियम विरुद्ध कार्य करने वाले अफसर अपनी कुर्सी बचाने की जुगत में लग गए हैं।

मांझी का एलान '20 सीटें नहीं दी तो 100 सीटों पर उतारेंगे प्रत्याशी', एनडीए में भूचाल

नई दिल्ली, 14 सितंबर (न्यूज चैनल)। केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बिहार की राजनीति में खलबली मचा दी है। लोकसभा चुनाव के कुछ समय पहले महागठबंधन से निकल कर एनडीए में लौटे जीतन राम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी को अगर 20 सीटों पर मौका नहीं दिया गया तो वह 100 प्रत्याशियों को उतारेंगे।

सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

रायपुर, 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। सड़क हादसे का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कुशालपुर प्रोफेसर कॉलोनी मार्ग के पास रिंग रोड में तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड पर तेज रफ्तार वाहनों की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।

बिलासपुर-जबलपुर एनएच पर लगा जाम, मध्यप्रदेश-उत्तर प्रदेश से आने-जाने वाले हजारों यात्री हो रहे परेशान

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे पर फिर से जाम लग गया. बीती रात जिले के आखिरी छोर पर स्थित करिआम आरटीओ बेरियर के पास रोड के बीचों-बीच ट्रक और ट्रेलर के फंसने से आगे-पीछे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

दरअसल, बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है. ऐसे में बारिश की वजह से सड़क के दोनों ओर कीचड़ होने की वजह से सड़क पर गाड़ियों किसी वजह से फंस जाने से गाहे-बगाहे वाहनों की आवाजाही रुक जा रही है। इसी तरह बीती रात से लगे जाम की वजह से बिलासपुर से अमरकंटक, जबलपुर, अनूपपुर,

मनेंद्रगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश से आना-जाना करने वाले हजारों यात्री फंसे हुए हैं. जाम खुलवाने के लिए स्थानीय पुलिस और यातायात विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जशपुर जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

रायपुर, 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में आज जशपुर जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जोड़ना है। इस पहल के अंतर्गत विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न अभिनव कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके माध्यम से बच्चों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता और जिज्ञासा को नए आयाम मिलेंगे तथा शिक्षा का स्वरूप अधिक व्यावहारिक और प्रयोगशील बनेगा।

उल्लेखनीय है कि विज्ञान भारती पूर्व से

ही जिले में कई गतिविधियों में सहयोग कर रही है। इनमें 'स्पेस ऑन व्हील' कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान का अनुभव कराना, विज्ञान क्लबों की स्थापना द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थी विज्ञान मंथन जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी की ओर प्रेरित करना शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह समझौता जिले के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खोलेगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लैस नई पीढ़ी ही आत्मनिर्भर भारत और विज्ञाननिष्ठ समाज की नींव रखेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और विज्ञान को समाज में परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन मानती है और इस दिशा में सभी प्रयासों को प्रोत्साहन देती रहेगी। जशपुर जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती का यह संयुक्त प्रयास न केवल विद्यालयीन शिक्षा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार की दुनिया में नई उड़ान भी देगा। इस साझेदारी से जशपुर जिले में शिक्षा का स्तर और ऊँचा होगा तथा आने वाली पीढ़ी विज्ञान और प्रौद्योगिकी की रोशनी से अपने भविष्य को और अधिक सशक्त बना सकेगी।

'हमास नेता संघर्षविराम नहीं होने दे रहे', इस्राइली पीएम बोले- इनसे छुटकारा पाकर ही खत्म होगी लड़ाई

नई दिल्ली, 14 सितंबर (न्यूज चैनल)। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि कतर में हमास नेता संघर्षविराम के प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं और गाजा में संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि कतर में रह रहे हमास नेताओं से छुटकारा पाकर ही शांति स्थापित हो सकती है। बेंजामिन नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कतर सरकार पर भी निशाना साधा और हमास नेताओं को पनाह देने का आरोप लगाया।

नेतन्याहू ने लिखा कि कतर में रह रहे हमास के आतंकी प्रमुखों को गाजा के लोगों की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने युद्ध को अंतहीन रूप से खींचने के लिए युद्धविराम के सभी प्रयासों को बाधित कर दिया। उनसे छुटकारा पाकर ही हमारे सभी

बंधक रिहा हो सकेंगे और युद्ध समाप्त हो सकेगा। इस्राइली पीएम नेतन्याहू की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इस्राइल ने शीर्ष हमास नेताओं को शरण देने के लिए कतर की बार-बार आलोचना की है। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो संदेश में कहा कि इस्राइल, हमास नेताओं के खिलाफ, चाहे वे कहीं भी हों, कार्रवाई करेगा, जब तक कि कतर उन्हें बाहर न निकाल दे या उन्हें न्याय न हो जाए।

इस्राइली वायुसेना ने मंगलवार को हमास के नेताओं को निशाना बनाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में बड़ा हवाई हमला किया था। इस हमले में हमास के नेताओं की मौत हो गई थी। कतर पर हुए हमले की मध्य पूर्व और उसके बाहर कई देशों ने व्यापक निंदा की। इसके बाद कतर और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया। साथ ही युद्ध को समाप्त करने और गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लिए चल रही बातचीत खतरे में पड़ गई है। हमले के बाद हमास ने कहा कि उसके शीर्ष नेता हमले में बच गए, लेकिन पांच निचले स्तर के सदस्य मारे गए। इसमें गाजा में हमास के नेता और उसके शीर्ष वार्ताकार खलील अल-हय्या का बेटा, तीन अंगरक्षक और अल-हय्या के कार्यालय का प्रमुख शामिल है।

सिहावा रोड पर हर पल छाया रहता है धूल का गुबार, राहगीर, व्यापारी व निवासी है परेशान

बारिश हो तो गड्ढे व कीचड़ से और बारिश थमे तो धूल से बढ़ जाती है परेशानी

धमतरी 14 सितम्बर (हाईवे चैनल)। बारिश थमते ही शहर की सड़कों पर धूल का गुबार छाने लगा है। कुछ विशेष मार्गों पर जैसे सिहावा मार्ग पर तो धूल के गुबार से न सिर्फ राहगीर, वाहन चालक बल्कि दुकानदार व आसपास के निवासी भी परेशान है। यह समस्या हर साल बारिश के मौसम में बढ़ जाती है। लेकिन इससे राहत के प्रयास नहीं होते।

बता दे कि वर्तमान में बारिश थमने के बाद वाहनों के पहियों से चिपक कर कीचड़ मिट्टी सड़क पर आ जाता है। जो कि सूखकर धूल में बदल जाता है। खासकर कृषि कार्यो से लगे वाहनों से मिट्टी सड़क पर फैल जाती है। वहीं नियमित सड़कों की सफाई नहीं होने से भी सड़क पर धूल उड़ता रहता है। शहर के सड़कों व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो की



सड़क किनारे की मिट्टी की पकड़ मजबूत नहीं रह गयी है। इससे हवा का झोंका आने व वाहनों के पहियों से उड़कर यहां वहां फैल जाता है। शहर के रत्नाबांधा रोड सिहावा रोड, बिलाईमाता मंदिर से नहर नाका रोड, कोलियारी रोड पर तो स्थिति दयनीय है। उक्त मार्गो पर यदि एक बड़े वाहन के पीछे चले तो धूल से सराबोर होना ही पड़ता है। इन मार्गो पर धूल की समस्या इतनी ज्यादा है कि राहगीर व लोग परेशान है।

छतो में नहीं सुख सकते है खाद्य सामाग्री: सिहावा रोड पर स्थिति ज्यादा खराब है। यहां स्थिति गांव की कच्ची सड़के से भी खराब है। एक भारी वाहन यहां से गुजर जाये तो धुल का गुबार ऐसे उड़ता है जैसे बम फट गया हो और यदि बारिश हो तो कीचड़ से रास्ता सना रहता है। आसपास के दुकानदारों, निवासियों ने बताया कि यहां हमेशा की धुल की समस्या रहती है। लेकन बारिश के मौसम में समस्या और बढ़ जाती है। धुल इतना उड़ता है छतों पर न कपड़े सुखा सकते है औ न ही खाद्य सामाग्री, घरों दुकानों पर धुल की परत रोजाना चढ़ जाती है।

नेत्र व श्वास रोगियों के लिए है घातक: बता दे कि ज्यादा धूल उड़ने से उक्त मार्ग पर चलने से धूल श्वास के साथ हमारे शरीर के भीतर चला जाता है। और यही फेफड़ो व श्वास प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। विशेषकर दमा व श्वास रोगियों के लिए सड़कों पर छाया धूल का गुबार काफी घातक है। वहीं वाहने से उड़ने वाले धुल के कण पीछे चल रहे दुपहिया व राहगीरों के आंख में चला जाता है। जिससे आंख की पुतलियों खरोच, दर्द, आंसू आना, लाल होने आदि की समस्या उत्पन्न होती है। यदि आंख को ज्यादा मसल दिया जाये तो धूल के कणों से पुतलियां डैमेज होने का खतरा बना रहता है।